there arise doubts that the conversions were not of free conscience but were made through compulsion or enticement. The hon. member himself read from Daily newspaper which also suggests the same thing. In recent years, particularly from the new census figures, we do see that large number of people are changing their faith. By this Bill I merely want to give the person a full chance to think over the whole thing, because mass conversions are now taking place. If it is a question of one or two individuals, I do not mind. But when mass conversions take place, it definitely leaves a doubt whether it is really the result of true change of faith. There should be some method in our social life and in our religious behaviour. Change of religion is not an ordinary thing. You embrace a different religion out of your own faith and conviction, not out of compulsion or enticement. Therefore, I have merely suggested registration, giving the person concerned sufficient time to think it over. I have not at all tried to curtail the right of a particular person to change his religion. These arguments themselves show how sensitive this matter is. Even a method to organise the whole thing. upsets the sentimentality of certain minority people. These figures of conversion would be useful for historians and research people and for national statistics. We give difinite benefits to minorities. One will just say that I was converted on such and such date, so, please give me the benefit. Therefore, in spite of all the arguments put forward, I do not see any reason why they should oppose the introduction of this Bill.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for compulsory registration of religious conversions in India."

Those in favour say 'Ayes'.

SOME HON. MEMBERS: 'Ayes.'

MR. DEPUTY-SPEAKER: Those in favour say 'Noes'.

SOME HON. MEMBERS: Noes.

MR. DEPUTY SPEAKER: I think, Ayes have it.

SHRI EDUARDO FALEIRO: Noes have it.

MR. DEPUTY SPEAKER: Let the lobbies be cleared.

The lobbies have been cleared. Dr. Vasant Kumar Pandit has sought leave to introduce a Bill to provide for compulsory registration of religious conversions in India. This has been opposed by Shri G. M. Banatwalla and Shri Eduardo faleiro. I will now put it to the vote.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN): Sir, we do not want to violate the normal tradition or convention established here. So, from this side we will not press for a division.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for compulsory registration of religious conversions in India."

The motion was adopted.

DR. VASANT KUMAR PANDIT: I introduce the Bill.

15.39 hrs.

SALARY, ALLOWANCES AND PENSION OF MEMBERS OF PARLIAMENT (AMENDMENT) BILL (AMENDMENT OF SECTIONS 3, 6B ETC.,)—*Contd.*

MR. DEPUTY SPEAKER: The House will now take up further consideration of the motion moved by

[Mr. Deputy Speaker]

Shri Mool Chand Daga on 18th September 1981 to further amend the Salary, Allowances and Pension of Members of Parliament Act, 1954. Shri D. P. Yadav will continue his speech.

श्री डी०पी० यादव (मुंगेर) : इस बिल पर आज अपना भाषण जारी रखने के लिए आपने जो मुझे अवसर दिया है उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । न केवल संसद् सदस्यों या विधान सभाओं के सदस्यों के सामने परन्तु राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के सामने आज यह सवाल पैदा हो गया है कि चुने हुए प्रतिनिधियों का काम क्या है ? मैं समझता हूं कि उनके काम को डिफाइन करने की आवश्यकता है, उनकी महत्ता को समझने की आवश्यकता है । यदा-कदा अखबारों के जरिये और कभी कभी पब्लिक स्पीचिज के जरिये यह कह दिया जाता है कि संसद सदस्य या विधान सभा सदस्य अपनी सुविधायें और अपने प्रिवलेजिज बढ़ाने के लिए आतुर हैं । क्या सुविधा उनको मिलती है यह आप उन से पूछें जो संसद् सदस्य हैं या विधान सभा सदस्य हैं या उनकी क्या रिस्पांसिबिलिटीज हैं, क्या लायाबिलिटीज हैं । यों हंसी मजाक में कुछ कह देना आसान बात है । लेकिन उन लोगों से जो अखबारों के माध्यम से प्रचार करते हैं कि संसद सदस्य लोभ में आ गए हैं अपनी तनख्वाह बढ़ाने के लिए, मैं एक प्रश्न पूछना चाहता हूं । संसद्-सदस्य के चुनाव पर राष्ट्र का कितना खर्चा होता है ? अगर सारे देश में एक बार लोक सभा का चुनाव कराया जाए, तो 100 करोड़ रुपये से कम खर्च नहीं होता है, अर्थात् एक संसद्-सदस्य को चुनने में सरकारी खजाने से 20 लाख रुपया खर्च होता है, और जो कैंडीडेट्स चुनाव लड़ते हैं, जो जीता और जो हारा, उन सभी कैंडीडेट्स और पार्टी का खर्चा 15 लाख रुपये से कम नहीं होता है । इस का अर्थ यह है कि 35 लाख रुपये में पांच साल के लिए एक एम पी तैयार होता है ।

मगर यह कहीं डिफाइन नहीं हो रहा है कि 35 लाख रुपये के इन्वेस्टमेंट से, इतना हंगामा करने के बाद, जो एम पी बनता है, उसकी उपयोगिता क्या है । देश के सामने सब से बड़ा अहम सवाल यह है कि एम पी की उपयोगिता और युटिलिटी को डिफाइन किया जाए । आज हम उससे कतरा रहे हैं । ब्यूरोक्रेसी, मंत्रियों और मंत्रि-मंडल के सदस्यों को आगे पीछे कर के इतना फंसा कर रखती है कि वे समझते हैं कि सब हरा भरा है । लेकिन जिस दिन मंत्रि-मंडल बर्खास्त होता है या गिरता है, उसके बाद उन्हें मालूम होता है कि सब हरा-भरा नहीं, उजड़ा है ।

खासकर जो लोग मंत्री होते हैं, जब वे लोक सभा या विधान सभा के चुनाव में जाते हैं, तो पहले पहले उनपर जनता की बौछार होती है । कोई कहता है कि कहिए मंत्री जी, आप बड़ी गाड़ी पर चलते थे, आप कहां थे । किधर गए आप । मंत्रियों को ये सब ताने सुनने पड़ते हैं । हम लोग जो मंत्री नहीं हैं, हमसे भी कहा जाता है कि कहिए एम पी साहब, पांच साल कहां थे, क्या कर रहे थे, हमें कुछ पूछने नहीं आए, आप चुनाव के समय ही आए थे, अब फिर पांच साल के बाद आए हैं ।

हमारे मित्र, श्री अरविन्द नेताम, बता रहे थे कि उनका चुनाव क्षेत्र, बस्तर, केरल प्रदेश से ज्यादा लम्बा-

चौड़ा क्षेत्र है । अब आप बताइए कि वह बेचारे चार सौ, साढ़े चार सौ मील लम्बे और साढ़े पांच सौ लम्बे क्षेत्र में घूमने के लिए 1500 रुपये तनख्वाह लेकर कैसे गाड़ी करेंगे और कौन उन्हें गाड़ी देगा । रेस्पांसिविलिटी तो हमारी है । जिन लोगों ने हमें वोट दिया है, वे कलेक्टर, एस पी या कमिश्नर के पास नहीं जाते हैं । उनका सारा गुस्सा एम एल ए पर और एम०पी० पर उतारा जाता है । लेकिन वे बेगुनाह हैं । वे बेचारे गरीब कहां जाएंगे ? वे एम एल ए और एम पी के दरवाजे पर ही जाएंगे । यह अंतर है ब्यूरोक्रेसी और चुने हुए प्रतिनिधियों में ।

आज सब से एसेंशल सवाल हो गया है कि डिफाइन किया जाए कि 35 लाख रुपये की लागत पूंजी से तैयार किए हुए संसद्-सदस्य और 10, 12 लाख रुपये की लागत-पूंजी से तैयार किए हुए विधान सभा के सदस्य का जनता के प्रति और अपने क्षेत्र के प्रति क्या उत्तरदायित्व है और अगर कोई उत्तर-दायित्व है, तो उसको निभाने के लिए उसके इनस्ट्रूमेंट्स क्या हैं । सरकार ने एक बी डी ओ नियुक्त किया, तो उसको गाड़ी, आफिस और चपरासी दिया, सब कुछ दिया । लेकिन एम पी बनने के बाद उसका एक काम है कि एक दिन प्रधान मंत्री का चुनाव करा दीजिए और एम एल ए का एक काम है कि मुख्य मंत्री का चुनाव करा दीजिए । फिर वे लोग भजन करें, सरकारी दफ्तर की तरफ न देखें, यह न पूछें कि कहां क्या हो रहा है, सब कुछ ठीक है, उन्हें कुछ नहीं करना है । जो ह्विप होगा, उसके अनुसार वे बटन दबायेंगे । कुछ उसके उलट दबायेंगे । ये बटन दबाने का सिस्टम समाप्त होना चाहिए । सब से ज्यादा आवश्यकता है पीपल्स-इन्वाल्वमेंट होना है । उपाध्यक्ष जी, भारत के संविधान में यह प्रावधान होना चाहिए और श्री मल्लिकार्जुन साहब तथा गृह मंत्री ज्ञानी जी, यहां पर मौजूद हैं, मैं उनसे भी निवेदन करूंगा कि हम गरीब संसद सदस्यों पर ज्यादा ध्यान दीजिए । ज्ञानी जी, बड़ी असुरक्षा की भावना हो गई है, बड़ा परेशान रहते हैं । हम लोगों से उधर के लोग ज्यादा परेशान हैं । इसलिए ज्ञानी जी को नोट करना चाहिए कि इनके एम०पी० सुरक्षित हैं या नहीं हैं ।

उपाध्यक्ष जी, यह हंसी मजाक का वक्त नहीं है । योजना मंत्री जी, श्री चव्हाण साहब, यहां बैठे हुए हैं और यदाकदा उनके विभाग द्वारा बनाया हुआ छठी पंचवर्षीय योजना का यह डाक्यूमेंट है ; इसमें कहा गया है--"डाक्यूमेंट आन सोशियल ट्रांसफार्मेशन"-- क्या बढ़िया शब्द है--

"Apart from decentralisation of administrative machinery and provision of adequate mechanism at local level, it will be necessary to ensure that at every stage of planning and implementation, there is full participation and involvement of people."

"Allocation of public fund for the schemes in this sector, whether by the Central or State Government or on the basis of certain patterns of funding, designed to achieve the target of the Plan.

The selection of specific tasks, however, is governed by local conditions and in assigning priorities it might be necessary ...

राम दुलारी जी जरा ध्यान दीजिए ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): I am very much listening to what you are saying. . .

SHRI D. P. YADAV: "The selection of specific tasks, however, is governed by local conditions and in assigning priorities, it might be necessary to involve both the administration at the local level as well as the representatives of people, particularly of the beneficiary group."

यह प्लान डाक्यूमेंट में है---इन्वाल्वमेंट आफ पीपल्स रिप्रेजेंटिव । उपाध्यक्ष जी, 14 लाख की आबादी है और 8 लाख वोटर्स । हम लोग 14 लाख को रिप्रेजेंट करते हैं । अब 14 लाख की भावनाओं को दिल्ली तक लाना, मैं तो चूंकि बिहार का हूं, हम कैसे लायेंगे और कैसे बोझा ढोयेंगे, यह देश के सामने बड़ा भारी प्रश्न है । यह डाक्यूमेंट मैंने इसलिए पढ़ना शुरू किया है कि

For, involvement of people's representatives,

एक नया चैप्टर जोड़ा गया है भारत की योजना में और स्पैसिफिकली कहा गया है कि पिछले 33 वर्षों में हमारी जो खामियां रही हैं, उन खामियों की पूर्ति के लिए जिस प्रकार संविधान में डायरेक्टिव प्रिन्सिपल्स हैं और जिस प्रकार से योजना में डायरेक्टिव प्रिन्सिपल दिए गए हैं,

Planning, implementation, monitoring and evaluation.

और आगे कहा गया है---

"The problem in all these three areas, planning, implementation and evaluation differ from sector to sector."

वहां डिफेंस होगा सैक्टर-टू-सैक्टर । उसको स्पष्ट कौन करेगा ? उसके बाद कहा गया है कि :

"Persons responsible for the implementation of the plan should be made to feel a sense of involvement in fulfilling the plan targets."

हमारा इन्वाल्वमेंट क्या है, ठी योजना के प्रारूप में, जो कि दो साल पहले बना ...

योजना मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण): एक साल पहले बना ।

श्री डी० पी० यादव : लिखा हुआ है---1980-85 ।

श्री एस० बी० चव्हाण : लेकिन एक्चूयली फाइनालाइज हुआ है 1981 में ।

श्री डी० पी० यादव : एक साल हो गया है, लेकिन हमारे जैसे गरीब एम०पी० को पता नहीं है कि क्या हो रहा है ।

श्रीमती रामदुलारी सिन्हा : सभी एम० पी० बराबर हैं ।

श्री डी० पी० यादव : हम को सब बात का पता रहना चाहिये, लेकिन पता रखने के लिये जब तक हम वहां जायेंगे नहीं, तो क्या पता चलेगा । उपाध्यक्ष जी, जिस क्षेत्र से मैं आता हूं, कभी-कभी ऐसा होता है कि ट्रेन से उतरते हैं और मान लीजिए उसी ट्रेन से बी० डी० ओ० या दरोगा भी पटना से चढ़े हैं, तो, स्टेशन पर उतरने के बाद संसद् सदस्य को, रिक्शा के लिये चारों तरफ देखता रहता है लेकिन उसे कोई रिक्शा नहीं मिलती, दूसरी तरफ बी० डी० ओ० के दो चपरासी गाड़ी ले कर आते हैं ।, उस को सलाम मारते हैं और वह मजे में गाड़ी में बैठ कर चले जाते हैं । आप उन लोगों के लिए जो जन-प्रतिनिधि हैं, उन के चलने के लिए सवारी का इन्तजाम नहीं करते हैं और जब संसद् सदस्य यहां अपनी सुविधाओं के लिए

चिन्ता करता है तो उस का हंसी और मजाक उड़ाया जाता है। मैं उन लोगों से एक सवाल पूछना चाहता हूं जो अखबारों में निकाला करते हैं कि संसद् सदस्य को तनख्वाह बढ़ जाएगी तो बड़ा भारी अन्याय हो जाएगा, जरा मेरे घर आ कर देखें कि मेरे घर की क्या स्थिति है। 35 या 40 आदमी आ जाते हैं, कोई दरख्वास्त ले कर आता है कि उस के इलाज की व्यवस्था कीजिए, कोई दूसरे किसी काम को ले कर आता है, अब या तो उन के रहने की व्यवस्था कीजिए या गाड़ी से उन को अस्पताल पहुंचाइये। हम इस बात को बड़ी अच्छी तरह से जानते हैं कि पांच साल के बाद जब उस के पास जायेंगे तो वह कहेगा कि हम ने ऐसा एम० पी० चुना जिस से अस्पताल जाने के लिए कहा तो उस ने अस्पताल नहीं पहुंचाया। उस की सोशल-आबलीगेशन हम पर है, हम उस से अलग नहीं हो सकते हैं। इस सोशल-आबलीगेशन को कैसे निभायें? वे लोग जो काफी पीने में ज्यादा विश्वास करते हैं, बड़े-बड़े होटलों में गपशप करने में विश्वास करते हैं, अपने ड्राइंग रूम को सजाने में विश्वास करते हैं, वे क्या जानते हैं कि दूर-दराज में रहने वाले गरीब किसान, मजदूर की क्या आवश्यकतायें हैं। वे अफसर को नहीं जानते, सिवाय पार्लियामेंट के मेम्बर या एम० एल० ओ० को जानते हैं। व उस से लड़ते हैं, झगड़ते हैं, अपने दुख और तकलीफ को कहते हैं और हम जो उस के दुख और तकलीफ को आप तक पहुंचाने वाले हैं हमारे पास पोस्टल स्टाम्पस भी नहीं हैं। अगर हम 30 चिट्ठी रोज भी लिखायें और एक चिट्ठी की कोस्ट एक रुपया रखिये तो 900 रुपया महीना पोस्टेज पर लग जाता है। यदि हम कहते हैं कि हमें पोस्टल सुविधा दीजिए तो कहा जाता है कि मिस यूज होगा। 35 लाख रुपया लोक सभा का सदस्य बनाने पर खर्च कर दिया, वह मिसयूज नहीं होगा, पोस्टल सुविधा देंगे तो वह मिसयूज होगा। एक तरह से पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी का मजाक उड़ाया जा रहा है और इस के लिये हमारी ब्यूरोक्रेसी तथा, क्षमा कीजिए, अखबार वाले भी जिम्मेदार हैं।

आप देखिए, मेरी कांस्टीचूएन्सी 14 लाख की है, कहीं बाढ़ है, कहीं सूखाड़ है, कहीं एपिडेमिक हो गया, कहीं अस्पताल काम नहीं कर रहा है, कहीं ला-एंड-आर्डर की प्राबलम है, कहीं कोई दूसरी समस्या है, वहां के लोग समझते हैं कि काश हमारे संसद् सदस्य या विधान सभा सदस्य आते तो हमारी आंखों के आंसू पोछ सकते थे। अफसर जायेगा तो बढ़िया कमीज पहन कर जाएगा, हाथ में छड़ी ले कर जाएगा, उन के सामने डर से कोई भी कुछ कहने नहीं आयेगा। लेकिन संसद् सदस्य चला जाए तो उस की खटिया पर बैठेगा, उस का पानी पियेगा, सत्तू-रोटी जो भी मिलती है उसे खायेगा और अपने दुख-दर्द की बात कहेगा, लेकिन हम उस के दुख-दर्द की कहानी को लोक सभा और संविधान सभा तक नहीं पहुंचा सकते हैं, इस लिए कि हमारे पास साधन नहीं है। साधनों की आवश्यकता को कैसे पूरा किया जाए, इस पर हम को गम्भीरता से विचार करना चाहिए।

MR. DEPUTY SPEAKER: Please conclude now.

SHRI MOOL CHAND DAGA (Pali): Let him speak.

MR. DEPUTy SPEAKER: There are other hon. Members also who want to speak.

SHRI MOOL CHAND DAGA: The time may be extended. Other hon. members who are left may be allowed to speak next time.

श्री डी० पी० यादव : उपाध्यक्ष जी, इसी डाक्यूमेंट में क्या कहते हैं--लेकिन हमारे

[श्री डी० पी० यादव]

फ़ाइनेन्ज़ को सुनिए । डायरेक्टिव प्रिंसिपल्ज एण्ड प्लेनिंग में कहा गया है--

"It is proposed to formulate a comprehensive block level plan and identify programmes for the development of the area which aim at making full use of local endowments, local resources, block resources and earth resources."

अर्थ रिसोर्सेज का अगर पता नहीं रहेगा, एन्डाऊमेंट सर्वे नहीं करेंगे और वाटर पोटेंशियल एरियाज को हम नहीं जानेंगे, तब तक प्रोसेस आफ़ प्लानिंग में पार्टनर कैसे होंगे ।

और क्या यह कहता है ।

The object of this Clause is to integrate various programmes for optimum utilisation of total endowments with planned objectives and local needs.

उपाध्यक्ष महोदय, 12 कम्युनिटी ब्लाक्स हमारे क्षेत्र में पड़ते हैं और हर कम्युनिटी ब्लाक में एक-एक लाख एकड़ जमीन पड़ती है । इस का मतलब यह होगा कि 12 लाख एकड़ जमीन का एनडाऊमेंट सर्वे कराना है एक संसद सदस्य को, विधान सभा सदस्यों को । अगर उन को इस में पार्टनर बनाना है, तो सब से आवश्यक बात यह है कि जितनी फैसेलिटीज एक जिला मजिस्ट्रेट को रहती हैं, उससे ज्यादा फैसेलिटीज आप को मिलनी चाहिए, एक संसद् सदस्य को मिलनी चाहिए ।

15.56 hrs.

[SHRI HARINATH MISRA *in the Chair*

सभापति जी, एक बात और मैं कहूं । आप को प्रोटोकोल दिया गया है और आर्डर आफ़ प्रीसीडेंस में क्या है ।

Order of precedence.

Above the Secretary of the Union Government and above the Chief Secretary of the State Government.

बड़ी अच्छी बात है । जब कागज पर देखेंगे, तो लगेगा कि चीफ़ सेक्रेटरी भी सलाम करेगा और सेक्रेटरी भी सलाम करेगा । स्वतन्त्रता दिवस पर केवल बैठने के लिए विजय चौक पर एक जगह मिल जाती है और वहीं नजर आता है कि जो प्रोटोकोल है, उसमें एम० पी० ऊपर है और सेक्रेटरी नीचे है । बाकी जगहों पर सेक्रेटरी और मुख्य सचिव हमेशा ऊपर हैं । बाकी दिन मुख्य सचिव ऊपर रहेगा । साल में एक दिन जाड़े में 26 जनवरी को जरूर उन के ऊपर बैठने को जगह मिलती है और वह भी पहुंचे या न पहुंचे, बाकी दिनों में प्रोटोकोल वाली बात नहीं रहती है ।

उस दिन जरूर प्रोटोकोल के अनुसार नाम लिखा मिलेगा ।

श्री **मनोरंजन भक्त** (अन्डमान और निकोबार द्वीप समूह) : वह भी अब नहीं है ।

श्री डी० पी० यादव: सभापति जी, अब आप बता दीजिए कि जब हम को पोस्टल स्टैम्प्स की सुविधा नहीं दी जाएगी, गाड़ी की सुविधा नहीं दी जाएगी, तब हम क्या कर सकते हैं । आप पूछना चाहेंगे कि हम चाहते क्या हैं ? मेरे जैसे एम० पी० को और मैं समझता हूं कि इस से सारे सदस्य सहमत होंगे कि अभी मिनीमम और तत्काल हमारी जरूरत यह है कि एक अंग्रेजी में, एक हिन्दी में हमें फुलटाइम स्टेनो जरूर चाहिए ।

दूसरा यह है कि पोस्टल स्टाम्प्स पर हमारे लिए कोई रेस्ट्रिक्शन्स नहीं रहनी चाहिए और तीसरा यह है कि मूवमेंट के लिए

चाहे दिल्ली हो या हमारा क्षेत्र हो, वहां पर एक ह्वीकिल सरकारी स्तर पर हम को जरूर एवेलएबिल रहनी चाहिए। हम वहां न रहें, तो उसको वापस ले लें अगर एक उप मंत्री के लिए ह्वीकिल है और सर्किट हाऊस में वह रह सकती है स्टेट मिनिस्टर के लिए वह रह सकती है, तो लोक सभा और विधान सभा के सदस्य के लिए वह मिलनी चाहिए, जिस से वह कम से कम अपने क्षेत्र में और अपने क्षेत्र के बाहर जा सके। वह गाड़ी चाहे बिना तिरंगा झण्डा लगे मिले और तिरंगा झण्डा श्री मल्लिकार्जुन जी के लिए हो। हमें बिना तिरंगे झंडे वाली गाड़ी दे दो।

रेल तथा शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालयों तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : लगता है कि आप को पुराने दिनों की झण्ड वाली कार की याद है।

श्री डी० पी० यादव : उस का भी अनुभव है।

श्री मनोरंजन भक्त : टाइपराइटर के लिए भी बोल दीजिए।

श्री डी० पी० यादव : टाइपिस्ट-स्टैनो के बारे में कह दिया है। सभापति महोदय, सब से पहली बात है

Functions of a Member of Parliament.

फंक्शन्स को निभाने के लिए,

Power of the Member of Parliament and the facilities for implementation of that power.

ये तीन मुख्य मुद्दे हैं, जिन के बारे में हम लोगों को सोचना चाहिए।

एक बात और कहूंगा।

16.00 hrs.

मानसिक गुलामी इतनी अधिक हो गई है कि उससे छुड़ाने की प्राब्लम है। आप ब्लाक में जाइये, बी० डी० ओ० को बी० डी० ओ० साहब, कलेक्टर को कलेक्टर साहब कहा जाता है। यहां तक ड्राइवर तक को ड्राइवर साहब कहा जाता है। लेकिन आप अपने क्षेत्र में जाइये, मैं बिहार और उत्तर प्रदेश की बात कर रहा हूं, कोई एम० पी० साहब एम० एल० ए० साहब नहीं कहता है उनको साहब कहा जाता है और आपको बैठने के लिए भी जगह नहीं। मानसिक गुलामी की यह स्थिति है कि जो लोग इंस्ट्रूमेंट आफ ट्रांसफोरमेशन हैं उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार होता है और जो लोग एकचुअल्ली में इंस्ट्रूमेंट आफ एक्सप्लोइटेशन हैं उनको साहब कहा जाता है। जो इंस्ट्रूमेंट आफ डेवलपमेंट है वह तो पांच साल के लिए एक बार चुन लिया गया और फिर चुना जाए या न चुना जाए। तो हमें यह डिफाइन करना होगा कि हमारा फंक्शन क्या है? हमें यह भी देखना होगा कि हमारी मानसिक गुलामी कैसे दूर हो।

शास्त्री जी यहां पर नहीं हैं। अगर वे रहते तो अच्छा होता। उन्होंने इसका समर्थन नहीं किया है। वे यह कहते हैं कि सब की तनख्वाह बढ़नी चाहिए और सरकारी नौकरों की भी तनख्वाह बढ़नी चाहिए। मैं सरकारी नौकरों की तनख्वाह बढ़ाने के पक्ष में नहीं हूं क्योंकि वे लोग इंस्ट्रूमेंट आफ एलियेनेशन आफ प्लान कोआरडिनेशन हैं। इस पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है।

सभापति जी, मैं डिटेल्स में नहीं जाना चाहता और न किसी पर व्यक्तिगत आक्षेप करना चाहता हूं। सदन के सामने या देश

[श्री डी० पी० यादव]

के सामने बहुत बड़े खर्चे की कोई योजना भी नहीं रखना चाहता। लेकिन जो लोग कहते हैं कि संसद् सदस्यों की बहुत बड़ी तनख्वाह है, मंत्रियो की बहुत बड़ी तनख्वाह हैं, उन को बहुत सुविधाएं मिलती हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वे जा कर के हमारे श्री कार्तिक उरांव की पत्नी से, उनके बच्चों से जा कर के पूछें कि आज उनकी क्या दशा है। उनको यह मालूम नहीं है कि कल को उनको खाना भी मिलेगा, या नहीं मिलेगा, बच्चे दर-दर भिखारी तो नहीं हो जाएंगे। कल तक वे एक मंत्री की पत्नी और बच्चे थे, आने वाले कल में उनके बाल-बच्चों का क्या होगा? इस पर कभी नहीं सोचा गया। आप की ब्योरोक्रेसी का यह हाल है। मैं एक दो उदाहरण देना चाहता हूं। यह इस पक्ष की या उस पक्ष की बात नहीं है। एक बार जयप्रकाश बाबू मुंगेर जाने वाले थे। हमारे कुछ आफिसर्स उनको सरकिट हाउस नहीं देना चाहते थे। लेकिन जैसे ही सरकार बदली, उन्हीं अफसरों ने धर्मयुग से काट-छांट कर उनके चित्र अपने कमरों में लगा लिये। वे अफसर पांच दिन पहले उन्हें सरकिट हाउस नहीं देना चाहते थे पांच दिन बाद वे यह करने लगे। ऐसी बात कोई पब्लिक वर्कर नहीं कर सकता, सरकारी नौकर ही कर सकता है। कहीं सरकार में उसका महत्व कम न हो जाए, इसलिए करता है। जब इन्दिरा गांधी पद से हटीं तो उन्हें भी सरकिट हाउस लेने में तकलीफ हुई। ये लोग आदमी की नहीं कुर्सी की पूजा करते हैं। मैं कहता हूं कि पूजा कुर्सी की नहीं आदमी की होनी चाहिए। यह डिफाइन होना चाहिए कि एम० पी० या एम० एल० ए० की क्या सुविधाएं हों, क्या उनके प्रोटोकोल हों।

सभापति महोदय : आप सरकारी नौकरों के बारे में कह रहे हैं लेकिन सरकार की पालिसी तो मंत्रिगण और मंत्रिमण्डल बनाते हैं, सरकारी अफसर नहीं बनाते हैं।

श्री डी० पी० यादव : सभापति जी आप इस देश के एक वरिष्ठ राजनीतिक कार्यकर्त्ता रहे हैं, आप स्पीकर रहे हैं, आप मंत्री रहे हैं, आप एम० एल० ए० और एम० पी० भी रहे हैं। इतना अनुभव आपको है और आप के बारे में बिहार में लोग कहते हैं --

Here is a man who is crystal-clear like diamond.

और आपके बारे में लोग कहते हैं --

Here is a man who is hard as diamond and who is clear as diamond.

ऐसे लोग भी हैं। आप भी तो सरकार में हैं। इसलिए मंत्रि मण्डल के सभी लोग करप्ट होते हैं, ऐसी बात नहीं है। यह तो मानवीय गुण है, कुछ लोग होंगे, लेकिन ऐसे लोगों पर कण्ट्रोल करने के लिए लोक सभा सदस्य और विधान सभा सदस्यों को इस प्रकार बनाना चाहिए कि वे मंत्रि मण्डल पर भी अटैक कर सकें।

सभापति महोदय : यह बिल कुछ इतना आकर्षित कर रहा है मेम्बरों को कि बोलने वालों की तादाद बहुत ज्यादा है। इसलिए मेरा नम्र निवेदन होगा कि . . .।

श्री डी० पी० यादव : बस मैं दो मिनट में समाप्त कर दूंगा।

श्री मूल चन्द डागा : सभापति महोदय, मेहरबानी करके हर एक को बोलने दीजिए।

सभापति महोदय : मेरे पास लिस्ट बहुत बड़ी है।

श्री मूल चन्द डागा : आप समय बढ़ा दीजिए, मैं प्रार्थना करूंगा ।

सभापति महोदय : मैं सदन के रुख को देख रहा हूं और आपकी प्रार्थना भी सुन रहा हूं । आपकी प्रार्थना और सदन का रुख एक साथ मिलते हैं ।

श्री डी० पी० यादव : सभापति महोदय, एक बात मैं और कहना चाहता हूं । विश्व में सब से कम सेलरी पाने वाला विश्व में सब से कम तन्खाह पाने वाला यहां का संसद सदस्य और विधान सभा सदस्य है और सबसे ज्यादा चोट सहने वाला, आम जनता और प्रेस की चोट सहने वाला; प्रेस वाले भी तो हम लोगों के खिलाफ हमेशा तैयार रहते हैं और आम जनता का तो आप जानते ही हैं, कभी धूल कभी रोड़ा, कभी जूते कभी पत्थर, कभी माला, यह सब बातें हमको ही सहनी पड़ती हैं ।

मैं डागा साहब को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने बड़े साहस के साथ यह बात उठाई है कि डिफाइन दी फंक्शंज, पावर्स एण्ड प्रिविलेजेज आफ मेम्बर आफ पार्लियामेंट, प्रधान मंत्री से ले कर संसद-सदस्य और मुख्यमंत्री से लेकर विधान सभा सदस्य तक इन तमाम चीजों को तय करना चाहिए और इनको इंस्ट्रूमेंट आफ सोशल ट्रांसफार्मेशन बनाना चाहते हैं तो एक कमीशन बनाइए, जिसमें इस देश के सुप्रीमकोर्ट का एक जज हो, एक वरिष्ठ पत्रकार और एक वरिष्ठ संसद-सदस्य हो । इन तीन आदमियों का कमीशन बनाइए जो सदस्यों का इंटरव्यू ले और क्षेत्र में जाए । खासकर बरसात के मौसम में जरूर जाए, ताकि उनको पता लगे कि संसद-सदस्य और विधान सभा सदस्य को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । भक्त जी के क्षेत्र अण्डमान-निकोबार में जाएं, जो एक पूरा का पूरा देश है । वहां पर जा कर पता चलेगा कि हमारी आवश्यकताएं क्या हैं और किस प्रकार से हम लोगों को काम करना होता है । सुबह 5 बजे से ले कर रात को 12 बजे तक लोगों का तांता लगा रहता है । इसलिए इन सब चीजों को देख कर मल्लिकार्जुन जी जो भी सुविधाएं आप देना चाहते हैं, दीजिए ।

Let there be a Commission which should probe into the functioning of the parliamentary system and know what is the status and what is the role of Parliament in the transformation of society.

सभापति महोदय, एक बात मैं और कहूंगा कि इस देश में एक अजीब सिलसिला हो गया है कि ईमानदार होना गुनहगारी है और बेईमान होना कल्चर । हम को उस कल्चर में न ले जाइए जहां पर बेईमानी ही बेईमानी हो और अगर हम ईमानदारी की बात करते भी हैं तो गुनहगार समझा जाता है । कम से कम इससे हमको बचाइए । कहा जाता है कि बाहर से ढोंग करता है, इस ढोंग बनने से हमको बचाइए । हम ईमानदारी से भरपेट भोजन करना चाहते हैं । दूसरों की इज्जत करना चाहते हैं , अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को भरपेट खाना मिले, इज्जत मिले, इसकी चिन्ता करने का अवसर आप हम को दें । पांच साल के लिए देश की जनता ने हम को चुना है । हम पांच साल ही रहेंगे लेकिन निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करेंगे । जनता की बात को सरकार तक लाएंगे । इसके लिए साधन जुटाने के लिए क्या प्रावधान होना चाहिए, इस पर सदन को गम्भीरतापूर्वक विचार करना चाहिए ।

[श्री डी० पी० यादव]

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं और डागा जी को स्पेशल धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस विधेयक को यहां ला कर इसको देश के सामने रखा है। लिमये जी जैसे विरोधी दल के नेता का जो आर्टिकल छपा है वह आपने पढ़ा ही होगा। उन्होंने भी कहा है कि बिना सुविधाओं को बढ़ाए हुए आप इन से काम नहीं ले सकते हैं। बहुत से विरोधी दलों के नेताओं का यही कहना है। इसमें आप मत डरिए कि लोग क्या कहेंगे। आज देश के सामने जो समस्यायें हैं उन समस्याओं के समाधान के वास्ते संसद् सदस्य अपनी भूमिका कैसे निभायेंगे इस पर आप तवज्जह दें, इस पर आप सोचें। यही मुझे कहना है।

SHRI R. S. SPARROW (Jullundur): Hon. Chairman, Sir, I take privilege to bring about my observations in relation to the pay and emoluments of Members of Parliament. This, in my view, is a very important subject. And we have to we very honest about our opinion on the subject in depth. The first observation to which I would like to draw your attention to is this. Where does the status of a Member of Parliament stand in India? We happen to be the elders of the highest forum which is controlling the destiny of about 700 million people of the largest democracy in the world. That is what Members of Parliament happen to occupy their position. We work out all the problems they face concerning any subject on the surface of the globe be it the economic problem, the geophysical problem, the strategic problem, regional, ethical, internal, administrative and so on and so forth. We the top leaders have to consider all that. They have to move their brains in unison to come to certain considered conclusions which concern the fate of the millions of people of India. If that analogy is accepted, then, we have to follow it up in our arguments and in our debate. A lot has been said on this in a very eminent fashion. My hon. friend Shri Yadav who spoke before me covered aspects very cogently. So was Mr. Daga, my other hon. friend who floated this Bill for the consideration by this House. I shall be very brief in my opinion of the work-angle. I can at least give my example. I have led the profession most of my life, the best portion of my life, as a soldier, as a man who indulged in preparing high-level types of plans and then to implement those plans in a big way. I was all along professionally a diligent and hardworking person who devoted so many hours a day to the profession. Now I am a Member of Parliament. I had also been a member in the Legislature in my own State. I can very honestly tell you one particular point. Look at the amount of work or man-hours that I have to do. To my profession here, if you want me to do well, I have to put in a lot more number of hours of work for carrying on my little profession—in this case, as a legislator or Member of Parliament. And I know this: Examples have been given. All my friends sitting here, and in Rajya Sabha also, put in lot of work, in order to take the country forward. This is one point which I have to bring to your kind notice. There should be no secret, there is no secret, about it. Point number two that I want to bring to your kind notice is this: It is the status part of it. Unless you have some kind of status to move about, to pronounce your judgment, to carry people with you, the whole thing does not seem to work so far as homogeneity is concerned. So, status has a meaning. Work-status has a meaning. No comfort; no lethargy. No. Not that. There has to be a status which is observed where work is concerned. Shastri ji is not here. I might even point this out to him, who, in a round about manner, understand and bring in such questions. He might have been to Soviet Russia, a socialist State, a large State and an important State. I have had the honour also to have been there. I want to bring it to your notice: Where it is a question of status and work comfort, even in Russia—besides all other countries of the world,—they provide pay, they

provide the emoluments so that a person can work comfortably, so that he can put a good amount of work, with full efficiency. He can move about in topclass vehicles, by trains, by top-grade Zim-Kim type of Cars and so on; he can move from place to place; aircraft may also be there at his disposal; and even residential accommodation, one country-house also. All these could be at his disposal. It may be a case of a General or a Super-doctor or an Engineer or a Legislator, or anybody for that matter. It is a matter we have to cogently look into. Does it or does it not help to raise your efficiency—with the facilities, with the pay and emoluments, provided? I will give you one example more, for you to connect the whole issue, in this context. You go and travel by rail. Did you see as to where you are accommodated? Anyone on the Civil Cadre side or Armed Forces side, whosoever is getting Rs. 1600 or over, is travelling by first-class air-conditioned coach: whereas you, the Member of Parliament, rub your shoulders, in a very congested manner, with whom? That is the point I want to bring up. Not for comfort. Not for lethargy. No. When you travel from place A to place B you should be able to do some work, you should be able to prepare your speech, you should be able to think as to what you are going to deliver at the far end when you go even as a Committee Member or when you travel in your constituency or otherwise. It is this which I am trying to bring to your kind notice for your consideration. Here is a Member of Parliament. I want to bring this to the notice of the august House. Till today, the order of precedence gives the position of a Member of Parliament higher than the General Officer Commanding in Chief of a Command: a Lieut-General: Only second to the Chief-of-the-Army-Staff. When you are going to Rashtrapati Bhawan to somkind of function, your position is well-established. The order of precedence is there.

I would like to ask and also beseech the Hon. Government High Command as to how come that you should be degraded here and there in concerned with your particular status. So, that is a point which I would wish the Government high Command to very kindly keep in view.

Next I would like to bring to your kind notice the economic worries which have been explaned thoroughly by my previous speakers. In that one thing that one has to note is that when you take on this particular task of being a Legislator or a Member of Parliament, then you forget about your avocation. You cannot be an industrialist, you cannot be a farmer. I am a small farmer and I know what I am losing when I am absent the whole time. You cannot run your business or shop. No one can deny that. That means even economically you are down and we have to keep that in mind when it be the question of serving the nation, and someone is given the task to serve the nation, then he should be given reasonable type of aid so that he can maintain himself economically well enough. This is my point number 2, which I want to bring to your notice for your consideration:—

Then we have also to think in this context that you should not and we should not at any time think of living on other people's bounty. That is not fair. This is not correct. We are prepared to live cheaply; we eat sparingly and less, but essentials you cannot cut out, which have been enunciated previously very aptly—your movement, transportation your being able to fly from place to place, your being able to maintain a house with a minimum, I may with one servant. You should be able to take in and entertain the people who come to you, entertain in the sense of offering only a cup of tea, not much. Only that much. So, you will agree with me with those types of price hike, let us be very fair to each one of us that if you don't want to cheat, if you don't want to

[Shri R. S. Sparrow]

then it is essential that this angle is also taken into consideration when you fix pay and emoluments and other ancilleries for using the Members of Parliament to doing thtir task correctly.

I want to bring to your kind notice in this connection the final point that not only what has been said should be done in relation to giving transportation or other facilities, we should be able to work out homogeniously in such a manner that all Members of our class are rated as being the top elders from every point of view. It is no good my having to say one, two, three, four or five or six; which one can? It can be extended. From every point of view, we should be the top elders. Each one of us has come up here from in between ten to fifteen lakhs of people and our duties are not only to our own people, it is to the people as a whole, it is to the state as a whole it is to the country as a whole. For this reason I want to recommend to the High Command to very kindly consider all these aspects and, if necessary, as and when you deem it proper, bring in a Bill suitably or administratively to work out in such a manner that the requirements and the needs of the Members of Parliament are adequately met. Thank you for giving me some time.

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा (कोडरमा): सभापति महोदय, सब से पहले मैं श्री डागा साहब को धन्यवाद दूंगा कि इन्होंने एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय को, जो कि असलियत है, रखने का प्रयास किया है। यों, तो आजकल पत्रों में और बहुत से राजनीतिक अविचारक और संसद् के बाहर भी बहुत लोग आलोचना करते हैं कि संसद् के सदस्यों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए, वेतन बढ़ाने के लिए यहां बिल आया हुआ है। कई पेपरों ने ऐसा निकाला है। लेकिन सच्चाई की बात यह है कि एक संसद् सदस्य जो 15 लाख की जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है और कहीं कहीं 250 वर्ग मील लम्बे तथा 100 मील चौड़ाई तक के संसदीय क्षेत्र हैं, मेरा अपना ही क्षेत्र 'कोडरमा' बिहार का पहाड़ी क्षेत्र है, मैं यह महसूस करता हूं कि जो हमारी सुविधायें हैं उन सुविधाओं के अन्तर्गत आम जनता को हमारे द्वारा जितना लाभान्वित होना चाहिए, उतना लाभ उसे हम लोगों से नहीं मिल पाता है, क्योंकि हमारी अनेक कठिनाईयां हैं। यातायात की व्यवस्था के अभाव में सुदूर गांवों में पहुंचना सम्भव नहीं हो पाता है, जीप के सिवाय वहां कोई दूसरी व्यवस्था नहीं हो सकती। बहुत से ऐसे स्थान हैं जहां रेल नहीं है, यह ठीक है सरकार की ओर रेल द्वारा फ्री जाने की व्यवस्था है, लेकिन ऐसे स्थान पर जहां रेल नहीं जा सकती, 100–100, 200–200 मील तक पैदल या जीप के अलावा जाने का कोई साधन नहीं है, वहां कैसे पहुंचा जाय? पैट्रोल के दाम आज इतने महंगे होते जा रहे हैं, यदि किराये की गाड़ी ले कर जाया जाय, तो वहीं जितना लम्बा और विशाल क्षेत्र होता है, एक संसदीय क्षेत्र में प्रायः 16–17 लाक्स होते हैं, अगर हर प्रखण्ड में दो दिन भी कोई यात्रा करे तो हर जगह पहुंचना सम्भव नहीं होता है।

इस तरह की और भी अनेक कठिनाइयां हैं, लेकिन यातायात की ही व्यवस्था हो जाय तो उस की बहुत सी कठिनाइयां कम की जा सकती हैं। यह बात बिल्कुल सर्व-मान्य है, भले ही कोई आलोचना या इज्म के आधार पर भाषण देदें, लेकिन मैं यह समझता हूं कि यह जनता के साथ न्याय नहीं है। मैंने स्वयं इस बात को अनुभव किया है कि हम जितना काम कर सकते हैं, जनता ने हमें जो पावर दी है, उस पावर के प्रयोग का बहुत आसान तरीका होता है कि उन के गांवों तक पहुंचा जाये। कई कारण ऐसे होते हैं जो वहां जाने से हल हो सकते

हैं। पिछले 35 वर्षों के दरमियान पांच पंचवर्षीय योजनायें समाप्त हो गई, अरबों-खरबों रुपया खर्च हो गया, लेकिन गांवों का विकास नहीं हो सका। आज भी 70 फीसदी लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं। चारों तरफ से मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने के लिए जोर दिया जा रहा है। नाना प्रकार के वर्ग संघर्ष की स्थिति पैदा हो गई है। इसका कारण क्या है ? इस का कारण यही है कि अपनी योजनाओं को हम गांवों तक नहीं ले जा सके हैं, उस का प्रयोग गांव में नहीं कर पाये हैं, शहरों के इर्द-गिर्द ही घूमते रहे हैं। इसलिए आम जनता का एक्टिव पार्टिसिपेशन जो एक डेमोक्रेसी में होना चाहिए, वह न जनता कर पाती है और न जन-प्रतिनिधि कर पाते हैं, क्योंकि उन की सुविधायें बहुत सीमत हैं। जितनी भी योजनायें बनती हैं, उनको गांवों तक पहुंचाने के लिए, ग्रामीण जनता को उनके बारे में समझाने के लिए, यदि जन-प्रतिनिधि जनता के बीच में नहीं जायेंगे तो इन योजनाओं का कोई लाभ नहीं होगा, क्योंकि आप के सारे अधिकारी अपने अपने आफिसों में रहते हैं, वे गांवों में नहीं जाते, उन को जो सुविधायें मिलती हैं उसकी तुलना हमारे यादव जी ने पहले ही बहुत अच्छी तरह से कर दी है। यदा-कदा मैं जब भी अपने क्षेत्र की आम जनता के बीच में जाता हूं, अपने क्षेत्र का भ्रमण करने का प्रयास करता हूं, यदि एक दिन भी जीप ले कर जाता हूं तो 300 रुपया प्रतिदिन खर्च हो जाता है। यह दिन भर यात्रा कर के हम लौट कर आ पाते हैं और जाने से मैं महसूस करता हूं कि आम जनता का बहुत सा काम हमारे वहां पहुंचने से आसानी से हो जाता है और उन लोगों को भी बहुत संतोष होता है। मैं ऐसा समझता हूं कि बहुत से संसद् सदस्य अपने क्षेत्रों में एक साल में शायद कभी एक बार पहुंचते हों और न भी पहुंचते हो और पांच वर्षों के बाद चुनाव के समय ही वे पहुंचते हैं और यही कारण है कि बहुत से लोग हार भी जाते हैं। यही एक कारण उन के हारने का हो सकता है वरना कोई प्रतिनिधि हार नहीं सकता अगर वह जनता के सम्पर्क में रहे और इन चीजों के अभाव के कारण ही वह ऐसा करता होगा, मैं ऐसा मानता हूं। इसलिए मैं समझता हूं कि डागा साहब जो यह बिल लाए हैं, यह बहुत ही उचित है और सरकार को इस दिशा में गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।

जहां तक संसद् सदस्यों की सुविधाओं का सवाल है, विदेशों में देखा जाए, तो सभी देशों में भारत से कहीं बहुत ज्यादा सुविधाएं संसद् सदस्यों को मिलती हैं। जहां तक ब्रिटिश पार्लियामेंट का सवाल है, वहां एक एम०पी० को पर मंथ 12,000 रुपये मिलता है। इस के अलावा और दूसरे एलाऊन्सेज मिलते हैं। जो इस के अतिरिक्त हैं। सिंगापुर एक सब से छोटा देश है, दुनिया का और वहां एक एम० पी० को 60 हजार रुपये भारतीय मुद्रा में मिलते हैं, जो 15,500 डालर वहां की मुद्रा के बराबर हैं। इस प्रकार से डेनमार्क और दूसरे देशों को देखा जाए, तो वहां भी उन को बहुत ज्यादा मिलता है और उन को और दूसरी सुविधाएं मिलती हैं जबकि उन का क्षेत्र यहां के मुकाबले में बहुत छोटा होता है। हमारे यहां 554 लोक सभा में एम०पीज० हैं और 250 एम पीज० राज्य सभा में हैं और इतना विशाल हमारा देश है। इतने बड़े देश में एक संसद् सदस्य को अपने क्षेत्र की पूरी जिम्मेवारियों, अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिये जो मिलता है, उस में वह कुछ नहीं कर सकता। मैं अपने व्यवहार से यह जानता हूं कि **पर मंथ** आवास, बिजली पानी और टेलीफोन आदि पर ही 400–500 रुपये कट जाते हैं, और इस के बाद जो बचता है, वह अपने परिवार वालों और लोगों की आवभगत के लिए पर्याप्त नहीं है। इस युग के

[श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा]

अनुसार एक संसद् सदस्य को ईमानदार और कर्तव्यनिष्ट बनाने के लिए उस की सुविधाओं में अभिवृद्धि करना बहुत ही न्यायोचित होगा । वेतन न बढ़े, वेतन को बढ़ाने की जरूरत मैं नहीं समझता और न मैं वेतन बढ़ाने की बात कर रहा हूं लेकिन जनता के लिए वह अधिक से अधिक काम कर सके, पंचवर्षीय योजना में सरकारी नीतियों के अनुसार कामों को करवाने के लिए वह आम जनता में व्यापक पैमाने पर जा सके और कार्यक्रमों को लागू करा सके ताकि कोई भी क्षेत्र असंतुलित न रह जाये, कोई भी क्षेत्र पिछड़ा न रह जाए, इस के लिए कई चीजों की आवश्यकता है । अब क्या होता है कि वह अपनी कांस्टीट्युएन्सी में जाता है तो जैसा यादव जी ने कहा कि जो सरकारी अधिकारी होते हैं, तो उन के लिए तो कार, जीप और दूसरी सारी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं लेकिन अगर संसद् सदस्य होता है तो ऐसा लगता है कि आम जनता से उसे कुछ आदर, नमस्कार तो मिल जाता है लेकिन इस के सिवाय और कोई सुविधा नहीं मिलती है और जीप आदि नहीं मिलती है ।

सभापति महोदय : नमस्कार के बदले तिरस्कार भी होता है ।

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा : जहां बैंकुएटस मिलते हैं वहां ब्रिकबेट्स भी मिलती हैं यह सब तो होता ही है । एक मिलिट्री डिस्पोजल की जीप की सुविधा मिलती है । वह तो स्कूल, कमेटीज, सोसाइटीज के लोगों और रिटायर्ड लोगों को भी मिलती है । तो उस में कोई बड़ी बात नहीं है ।

एक मेरा सुझाव यह भी है कि अगर कोई संसद् सदस्य जीप या कार लेना चाहे, तो उसे इन्ट्रेस्ट फ्री और एक्साइज फ्री कार मिलनी चाहिए । ऐसा अगर होगा, तो वह अपनी सुविधा के अनुसार कार ले सकता है । आज तो एक लाख रुपये की एक डीजल एम्बेसेडर कार आती है और उस का सूद देते देते सवा लाख रुपये में जा कर पड़ती है । कोई ईमानदारीपूर्वक उस कार को ले ले, तो यह संभव नहीं है । किसी न किसी तरीके का गलत काम कर के और अनुचित लाभ उठा कर ही एक एम० पी० आज कार ले सकता है । इसलिए अगर एम. पीज० को ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ बनाना है, तो सरकार को इस दिशा में विचार करना होगा कि एक्साइज फ्री और इन्टरेस्ट फ्री कार एक एम० पी० ले सके ।

दूसरे पोस्टेज की फेसिलिटीज भी उन को मिलनी चाहिए । टिकट, स्टेशनरी वगैरह की व्यवस्था संसद् सदस्यों के लिए करनी चाहिए । संसद् सदस्यों के पास प्रतिदिन सौ, डेढ़ सौ पत्र आते हैं । उन सभी के जवाब देने होते हैं । इसलिए हिन्दी और अंग्रेजी के टाइप राइटरों की व्यवस्था भी संसद् सदस्यों के लिए करनी चाहिए ताकि वे आम जनता के कामों को ठीक तरह से कर सकें ।

इस के अतिरिक्त एक बहुत बड़ी समस्या है । मैं कई बार ट्रेन में यात्रा करता हूं । किसी निगम का अध्यक्ष तो ए० सी० फर्स्ट क्लास में चलता है और हम लोग फर्स्ट क्लास या टू टायर ए० सी० में चलते हैं । मुझे एक बार एक अधिकारी मिले जो कि अपनी पत्नी के साथ ए० सी० फर्स्ट क्लास में जा रहे थे, और कहने लगे चलिए हमारे कम्पार्टमेंट में, वहां बैठ कर चाय पीजिए । मैंने कहा कि मैं जिस का अधिकारी हूं, मुझे वहीं रहने दीजिये । अधिकारी वर्ग तो अपनी पत्नी के साथ ए० सी० फर्स्ट क्लास में जाते हैं लेकिन एक एम० पी० अपनी पत्नी के साथ फर्स्ट क्लास में भी नहीं चल सकता । ऐसी स्थिति में एम० पी० लोगों की क्या दुर्दशा होती है, इस का आप अन्दाजा लगा सकते हैं । अगर वह अपनी पत्नी को अपने साथ ले जाएगा तो उसे कितना किराया अपने

पास से देना पड़ेगा। 1500 रुपये पाने वाला एक एम० पी० कैसे यह कर सकता है। इसलिए एम० पी० की सुविधाओं में संशोधन किया जाना चाहिए। आजकल मिलने वाली सुविधाएं वास्तविकता से परे हैं। मैं आलोचना और उलझन में जाने की बात नहीं करता। हमें औचित्य और अनौचित्य को देखना चाहिए और संसद् सदस्यों की फैसिलिटीज को बढ़ाना चाहिए।

संसद् सदस्यों को कम से कम एक महीने में दो बार वायुयान से यात्रा करने की भी सुविधा होनी चाहिए जिस से कि वे देश में विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर वहां तुरन्त पहुंच सकें। ट्रेन में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसलिए महीने में दो बार वायुयान से यात्रा करने की हमें सुविधा मिलनी चाहिए। अगर सरकार इन सब बातों पर विचार करे और हमें सुविधाएं प्रदान करे तो हम अपने क्षेत्र की जनता को बहुत ही संतोष प्रदान कर सकते हैं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भोलवाड़ा) : समापति महोदय, डागा जी ने जो सेलेरी, अलाउंसिज, पेंशन आफ मेम्बर आफ पार्लियामेंट संशोधन विधेयक रखा है, उस का मैं समर्थन करता हूं। जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने अभी आपके सामने जिक्र किया कि मेम्बर आफ पार्लियामेंट का क्या स्टेटस होना चाहिए। मेम्बर आफ पार्लियामेंट 15 लाख की आबादी से चुन कर आता है। आज उसकी क्या स्थिति है ?

आज जिले के अन्दर जितनी भी जिला कमेटियां होती हैं उन का हमेशा कलेक्टर ही चेयरमैन होता है। मेम्बर आफ पार्लियामेंट और एम० एल० ए० उनके सदस्य होते हैं। आपने आर्डर आफ प्रायोरिटी में एम० पी० को सेक्रेटरी और चीफ सेक्रेटरी के ऊपर रखा है, लेकिन जिले में एक कलैक्टर कमेटी का चैयरमैन बने और मेम्बर आफ पार्लियामेंट मैम्बर मात्र हो तो उसकी क्या स्थिति रह सकती है। यह स्थिति बदली जानी चाहिए। जिले के अन्दर जितनी भी कमेटीज हों, किसी प्रकार की भी कमेटी हो, उस का चेयरमैन पार्लियामेंट का मेम्बर होना चाहिए ताकि उस का स्टेटस मेन्टेन रहे। इस प्रकार की व्यवस्था जिला लेवल पर और कांस्टीट्युएंसी लेवल पर होगी तो मेम्बर आफ पार्लियामेंट की इज्जत बढ़ेगी।

इसी प्रकार से क्षेत्र के अन्दर जितने भी बी० डी० ओ०, तहसीलदार और कलेक्टर होते हैं, जितने भी जिला अधिकारी होते हैं, उन के पास जीपें होती हैं। हम भी वही काम करते हैं जो अधिकारी लोग करते हैं। हम भी जनता को उठाने के लिए, जनता की तकलीफों को दूर करने के लिए, योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए जगह जगह जा कर काम करते हैं। उसमें हमारे लिए कोई प्रावधान नहीं है और जो आफिसर्स हैं, उन को हर प्रकार की सुविधाएं मिलती हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि पार्लियामेंट के मेम्बर को जो कि जिले की तमाम कमेटियों का मेम्बर होता है, तमाम कार्यक्रमों की निगरानी करनी होती है, सारे कामों की देखरेख करनी होती है, उस को भी इस प्रकार की सुविधाएं अपने क्षेत्र में मिलनी चाहिएं ताकि डेवलपमेंट वर्क में होने वाली गड़बड़ियों को वह देख सके और उन को दूर करने का ज्यादा से ज्यादा प्रयास कर सके। इसलिए इस प्रकार की सुविधाएं उस को निश्चित रूप से दी जानी चाहिएं।

जैसा कि कहा गया कि हमें जितना पैसा मिलता है, अगर हम एक बार क्षेत्र का

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

दौरा कर लें तो सारे का सारा एक दफा में ही समाप्त हो जाता है। इस से अपने क्षेत्र के प्रति कर्तव्यों का सदस्य सही रूप में पालन नहीं कर पाता है और जिन लोगों ने हमको इसलिए चुन कर भेजा है कि उन की सुख-सुविधाओं का हम ख्याल रखें, गरीबी निवारण, बेरोजगारी और अन्य कार्यक्रमों में सरकार का हाथ बटाएं और कार्यक्रमों को किस प्रकार से कार्यान्वित करना है, इन सब में सही रूप में हिस्सा लेने के लिए सदस्य को सुविधाएं मिलनी चाहिएं, तभी वह अपने क्षेत्र में अच्छे तरीके से काम कर सकेगा। अगर ऐसा नहीं किया जाएगा तो सारी व्यवस्था गड़बड़ा जाएगी।

डागा साहब ने जो अमेंडमेंट बिल प्रस्तुत किया है, उस में कुछ सुझाव दिए गए हैं। सेक्शन (2) में पहली सब क्लाज में 500 रुपए से 800 रुपए और डेली अलाऊंस 51 रुपए से बढ़ा कर 65 रुपए करने के लिए कहा है। मैं समझता हूं कि यह पैसा बढ़ाना इतना आवश्यक नहीं है, जितना हमारी सुविधाओं का ध्यान रखने की जरूरत है। पैसा बढ़ा दें तो कोई हर्ज नहीं है, उस से एफीशिएंसी बढ़ेगी, लेकिन जिस प्रकार से हम को खर्च करना पड़ता है, उस के लिए सुविधाएं बढ़ाना आवश्यक है। हमारे क्षेत्र के लोग आते हैं, उन की वजह से टेलीफोन का खर्च और पोस्टेज खर्च, मकान, बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं का खर्च हमारे ऊपर पड़ता है। इन सब का पैसा सरकार को सदस्य देता है। जो 1500 रुपए मिलते हैं, मकान किराया, बिजली, पानी और फर्नीचर का किराया ही लगभग 500 रुपए हो जाता है और टेलीफोन का खर्च भी 2-3 सौ रुपए तो कम से कम आ जाता है। ये सुविधाएं पार्लियामेंट के मैम्बर को पैसा देकर लेनी होती हैं। उस के बाद कितना पैसा बचता है ?

सभापति महोदय : टेलीफोन जहां आप चाहते हैं वहां लग जाता है ?

